# बैंक माइग्रेशन

दूरसंचार विभाग के पेंशनभोगी जो वर्तमान में बैंकों से पेंशन प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें चरणबद्ध तरीके से सम्पन्न (SAMAPNN) में माइग्रेट किया जा रहा है। यह भाग माइग्रेशन की प्रक्रिया के साथ-साथ पेंशनभोगियों को होने वाले लाभों और सम्पन्न (SAMAPNN) पर माइग्रेट होने वाले पेंशनभोगियों द्वारा उठाए जाने वाले कदमों का विवरण देता है।

**सम्पन्न (SAMAPNN) क्या है?**

माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत सरकार "न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन" के उद्देश्य को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही है। इस मुहिम के तहत, दूरसंचार विभाग ने सम्पन्न (SAMPANN) सॉफ्टवेयर विकसित किया है**।** यह दूरसंचार विभाग के पेंशनभोगियों के लिए एक व्यापक पेंशन प्रबंधन प्रणाली(CPMS) है। इसमें एक साझा मंच के तहत प्रसंस्करण, पेंशन की मंजूरी और संवितरण शामिल है। यह 29 दिसंबर, 2018 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था।

**सम्पन्न (SAMAPNN) में माइग्रेशन का क्या अर्थ है?**

सामान्य तौर पर, पेंशन का भुगतान पेंशनभोगी के बैंक खाते में बैंकों की मध्यस्थता से किया जा रहा है। ऐसे मामलों में पेंशनभोगी अपना जीवन प्रमाण पत्र भी बैंकों को जमा करते हैं।

वर्तमान में चल रहे बैंक माइग्रेशन में, पेंशनभोगियों को बैंकों से सम्पन्न (SAMPANN) में माइग्रेट किया जा रहा है **।** इस संदर्भ में, संबंधित नियंत्रक संचार लेखा(CCA)कार्यालयों के द्वारा सम्पन्न (SAMAPNN) के माध्यम से पेंशन का भुगतान किया जाता है **।** माइग्रेटेड पेंशनभोगियों को अपना जीवन प्रमाण पत्र का दस्तावेज़ संबंधित नियंत्रक संचार लेखा(CCA)कार्यालय में जमा करवाना होगा।

**सम्पन्न (SAMPANN) में पेंशनभोगियों को माइग्रेट करने से क्या लाभ हैं?**

सम्पन्न (SAMAPNN) की शुरुआत के बाद, दूरसंचार विभाग/बीएसएनएल(BSNL) के पेंशनभोगियों की पेंशन का निपटान अधिक उत्तरदायी, जवाबदेह, पारदर्शी और सूचनात्मक हो गया है। सम्पन्न (SAMAPNN) के (कार्यान्वियन)/माध्यम से पेंशनभोगियों को विभिन्न लाभ प्राप्त हुए है **।** जिनमें से कुछ उदाहरण है:- पेंशन भुगतान आदेश (PPO) प्राप्त करने और शिकायतें दर्ज करने के लिए की जाने वाली यात्रा का व्यय न होना , पारदर्शी और सूचनात्मक पेंशन निपटान आदि ।

**सम्पन्न (SAMAPNN) में माइग्रेटेड पेंशनभोगियों को होने वालें लाभों में से कुछ निम्नलिखित हैं:**

- **सम्पन्न (SAMAPNN) पेंशनर लॉगिन के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत निवारण-** प्रत्येक पेंशनभोगी के पास अपना उपयोगकर्ता लॉगिन होगा, जहां वे शिकायत दर्ज कर सकते हैं और उसकी वर्तमान स्थिति का पता कर सकते हैं।
- **पेंशनर डैशबोर्ड लॉगिन-** अपने लॉगिन के साथ, पेंशनभोगी प्राधिकरण पत्र की जांच/डाउनलोड करना, आयकर भरना, ऑनलाइन पेंशन शिकायत दर्ज करना और इसकी वर्तमान स्थिति का पता करना, पेंशन

मामले के स्थानान्तरण (transfer) के लिए आवेदन करना, कम्यूटेशन की बहाली तिथि एवं जीवन प्रमाण पत्र समाप्ति तिथि का पता करना, पेंशन भुगतान का विवरण आदि भी देख सकते है l

- पेंशनभोगियों को अपनी ऑनलाइन शिकायत एवं पेंशन स्थानांतरण (transfer) मामले से सम्बंधित तथा खाते में पेंशन के मासिक भुगतान आदि के बारे में समय पर एसएमएस(SMS) भेजा जाता है l
- पेंशनभोगियों के लिए सम्पन्न (SAMAPNN) वेबसाइट/ऐप दोनों में आयकर घोषणा विवरण और निवेश प्रमाण ऑनलाइन जमा करने की सुविधा उपलब्ध है एवं इन्हें सत्यापित भी कर सकते है और कर गणना में भी इसका उपयोग किया जा सकता है । इसके साथ ही, पेंशनभोगी अपने डैशबोर्ड से पेंशन से सम्बंधित विभिन्न फॉर्म भी डाउनलोड कर सकते हैं।

**<u>माइग्रेशन के बाद पेंशनभोगियों द्वारा उठाए जाने वाले कदम</u>**

**1. लॉगिन निर्माण**

- सबसे पहले जिन पेंशनभोगियों को सम्पन्न (SAMAPNN) पर माइग्रेट किया जा चूका है, उन्हें अपना लॉगिन बनाना होगा। संबंधित नियंत्रक संचार लेखा(CCA)कार्यालय उन पेंशनभोगियों को ,जिन्हें सम्पन्न (SAMPANN) में माइग्रेट किया जा चुका है, एसएमएस(SMS)/कॉल/पत्र के माध्यम से सूचित करेंगे। इसके बाद, पेंशनभोगी लॉगिन बनाने के लिए विस्तृत लॉगिन निर्माण वीडियो (https://www.youtube.com/watch?v=SIYRJNAWlkc (अंग्रेज़ी) और https://www.youtube.com/watch?v=hU9899C-5FI (हिंदी)की प्रक्रिया का पालन कर सकते है l
- लॉगिन बनाने के लिए मोबाइल नंबर अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि विभाग ने बैंकों के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार पेंशनभोगियों के मोबाइल नंबर प्राप्त करने का प्रयास किया है। यदि मोबाइल नंबर उपलब्ध नहीं है या गलत है, तो पेंशनभोगी को संबंधित नियंत्रक संचार लेखा (CCA) कार्यालय से संपर्क करना होगा। नियंत्रक संचार लेखा(CCA)कार्यालयों के संपर्क विवरण नीचे दिए गए हैं।

**2. जीवन प्रमाण पत्र जमा करना:-**

एक बार पेंशनभोगियों के सम्पन्न (SAMPANN) में माइग्रेट हो जाने के बाद, पेंशन का भुगतान संबंधित नियंत्रक संचार लेखा(CCA)कार्यालयों द्वारा किया जायेगा । इसलिए जीवन प्रमाण पत्र, संबंधित नियंत्रक संचार लेखा(CCA)कार्यालय में ही जमा करवाना होगा।

- **(अ) नियंत्रक संचार लेखा(CCA)में स्वयं उपस्थित होकर जीवन प्रमाण पत्र जमा करना:** पेंशनभोगी अपना जीवन प्रमाण पत्र संबंधित नियंत्रक संचार लेखा(CCA)में जमा कर सकता है। सम्बंधित कार्यालय का पता और संपर्क का विवरण नीचे दिया गया हैं।
- **(ब) डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करना :** अब डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र, संबंधित नियंत्रक संचार लेखा(CCA)कार्यालय में जमा किया जा सकता है l जीवन प्रमाण पोर्टल पर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए पेंशन संवितरण प्राधिकरण(PDA)का विवरण नीचे दिया गया है:

1. स्वीकृति प्राधिकरण - दूरसंचार
2. वितरण एजेंसी - संपन्न - दूरसंचार विभाग
3. एजेंसी - संबंधित नियंत्रक संचार लेखा (CCA) कार्यालय

- पेंशनभोगी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए वीडियो (https://www.youtube.com/watch?v=1LeIgIboS-M) और नियमावली (Manual) का संदर्भ ले सकते हैं।
- माइग्रेशन से सम्बंधित किसी भी तरह के प्रश्न/पूछताछ के लिए , पेंशनभोगी सम्पन्न (SAMPANN) के टोल फ्री नंबर, ईमेल(अंत में दी गई विस्तृत सूची)के माध्यम से नियंत्रक संचार लेखा(CCA)कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

**3. पेंशन मामले का एक नियंत्रक संचार लेखा कार्यालय से दूसरे नियंत्रक संचार लेखा कार्यालय में स्थानांतरण (transfer) करवाना:**

- माइग्रेशन के बाद, पेंशन का भुगतान, पेंशनभोगी को पेंशन भुगतान आदेश (PPO) जारी करने वाले नियंत्रक संचार लेखा(CCA) कार्यालय द्वारा किया जायेगा I
- इसलिए, यदि कोई पेंशनभोगी अपनी पेंशन को एक नियंत्रक संचार लेखा (CCA) कार्यालय से दूसरे नियंत्रक संचार लेखा (CCA) कार्यालय में स्थानांतरित(transferred) करवाना चाहता है, तो वह किसी भी नजदीकी नियंत्रक संचार लेखा (CCA) कार्यालय में ऑनलाइन या स्वयं उपस्थित होकर स्थानांतरण (transfer ) अनुरोध के दस्तावेज़/कागज़ात जमा कर सकता है। स्थानान्तरण(transfer) की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी इस वीडियो में दी गई है: https://www.youtube.com/watch?v=cH2ZmMB51C0

पेंशनभोगी किसी भी आवश्यक सहायता के लिए ईमेल या टोल फ्री नंबर के माध्यम से नियंत्रक संचार लेखा (CCA)कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ऊपर उल्लिखित विभिन्न पहलुओं से संबंधित सभी वीडियो https://dotpension.gov.in/Home/WhatsNew पर उपलब्ध हैं।

| Sl No. | Circle Name | E-mail Id | Toll Free Helpline nos | CCA Office Address | City |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Andaman and Nicobar Telecom Circle | | 18003451063 | Room No- B-108, Kendriya Sadan, Ranchi Basti, PO Junglighat | Port Blair |
| 2 | Andhra Pradesh Telecom Circle | dbacca-ap[at]nic[dot]in | 18004254405 | Kavadiguda Telephone Exchange, Bholakpur | Hyderabad |
| 3 | Assam Telecom Circle | ccaassam[at]nic[dot]in | 18003453752 | 5th Floor, BSNL Bhawan, Panbazar | Guwahati |
| 4 | Bihar Telecom Circle | ccabihar[at]gmail[dot]com | 18003456183 | 2nd Floor, CCA Building, Sanchar Parisar, Buddha Marg. | Patna |
| 5 | Chhattisgarh Telecom Circle | cca[dot]cg-dot[at]nic[dot]in | 18002332287 | 3rd Floor, Doorsanchar Bhavan, Auto Exchange Building, G.E. Road | Raipur |
| 6 | Delhi Telecom Circle | ccadelhi[at]gmail[dot]com | 1800118119 | DOT Building, Sanchar Lekha Bawan, Prasad Nagar | New Delhi |
| 7 | Gujarat Telecom Circle | ccagujaratcircle[at]gmail[dot]com | 18002330365 | 7th Floor, P&T Admin building, Opp- Khanpur Post Office, Khanpur. | Ahmedabad |
| 8 | Haryana Telecom Circle | ccaharyana[at]gmail[dot]com | 18001801367 | Doorsanchar Bhawan, Old CTO Building, Lawrence Road. | Ambala Cantt. |
| 9 | H.P. Telecom Circle | ccahpt[dot]pen[at]gmail[dot]com | 18001808067 | Block No.18 A, SDA Complex, Kasumpti. | Shimla |
| 10 | Jammu and Kashmir Telecom Circle | ccajk[at]nic[dot]in | 18001807036 | O.B.- 08, HUDCO Bhawan, Railhead Complex | Jammu |
| 11 | Jharkhand Telecom Circle | cca[dot]jh-dot[at]nic[dot]in | 0651-2211311 | Floor, CTO Building, Shaheed Chowk. | Ranchi |
| 12 | Karnataka Telecom Circle | ccakarnataka[at]gmail[dot]com | 18004253031 | 1st Floor, Amenity Block, Palace Road. | Bangalore |
| 13 | Kerala Telecom Circle | ccatrivendrum[at]nic[dot]in | 18004250089 | 5th Floor, Doorsanchar Bhavan, PMG Junction, Vikas Bhavan, | Trivandrum |
| 14 | Kolkata Telecom Circle | cca[at]ccakolkata[dot]gov.in | 18003451801 | Telephone House 8, Hare Street | Kolkota |
| 15 | Madhya Pradesh Telecom Circle | cca[dot]mp-dot[at]nic[dot]in | 18002335283 | 1st Floor, Doorsanchar Bhavan, Area Hills, Hoshangabad Road. | Bhopal |
| 16 | Maharashtra Telecom Circle | cca[dot]mhgoa[at]gmail[dot]com | 1800220511 | 3rd Floor 'C' Wing, BSNL Admin Building, | Mumbai |
| 17 | North East- I Telecom Circle | ccanortheast[at]gmail[dot]com | 18003453009 | 2nd Floor, CTO Building, | Shillong |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | Odisha Telecom Circle | ccaorissa[at]gmail[dot]com | 0674-2391644 | 4th Floor, CPMG Building, | Bhubaneshwar |
| 19 | Punjab Telecom Circle | pda[dot]ccapunjab[at]gmail[dot]com | 18001802089 | Plot No- 2C, Sector-27A, Door Sanchar Bhawan, Madhya Marg, | Chandigarh |
| 20 | Rajasthan Telecom Circle | ccarajasthan[at]gmail[dot]com | 18001806787 | Sanchar Lekha Bhavan, Jhalana Dhoongri, Near RTO, | Jaipur |
| 21 | Tamil Nadu Telecom Circle | ccatn[dot]tn[at]nic[dot]in | 18004258081 | 60 ETHIRAJ SALAI TAMILNADU TELECOM COMPLEX EGMORE | Chennai |
| 22 | UP East Telecom Circle | ccalu-up[at]nic[dot]in | 18001801870 | CCA Block, Telephone Exchange Bhilding Campus, Vikas Khand-1, Gomti Nagar | Lucknow |
| 23 | UP West Telecom Circle | ccaupwest[at]gmail[dot]com | 18001803099 | 3rd Floor, Brahmpuri Telephone Exchange, | Meerut |
| 24 | Uttarakhand Telecom Circle | ccaddn-dot[at]nic[dot]in | 18001804187 | No.56, Subhash Road, | Dehradun |
| 25 | West Bengal Telecom Circle | ccawbc-dot[at]nic[dot]in | 18003452000 | Nizam Palace, 10 th floor, 2nd MSO Building, 234/4 A J C Bose Road, Kolkata - 700020 | Kolkata |
| 26 | Telangana Telecom Circle | ccahyd[dot]ts-dot[at]gov[dot]in | 4027542122 | Kavadiguda Telephone Exchange Compound, Bholakpur | Hyderabad |
| 27 | North East- II Telecom Circle | ccane2dimapur[at]gmail[dot]com | 18003453809 | BSNL OCB Exchange Building, Dimapur | Dimapur |
| 28 | Mumbai Telecom Circle | ccamumbai[at]gmail[dot]com | 1800223211 | 2nd Floor, CTO Building, Fort, Mumbai 400001 | Mumbai |